## एक नजर में



### ग्वालियर में कल होगा151 महिलाओं का सम्मान

**ग्वालियर।** नारी सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल के तहत 15 अप्रैल 2026, बुधवार को ग्वालियर में 'शक्ति स्वरूप सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 151 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। लायंस क्लब एक्सीलेंसी द्वारा आयोजित यह गरिमामयी कार्यक्रम दोपहर 5 बजे से बाल भवन, रूप सिंह स्टेडियम के पास आयोजित होगा, जहां शहर की अनेक गणमान्य हस्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस आयोजन के अध्यक्ष लायन कौशलेंद्र सिंह कौरव हैं, जबकि कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी कार्यक्रम संयोजक लायन पूनम परिहार निभा रही हैं। साथ ही कार्यक्रम सह-संयोजक के रूप में लायन आशीष सिंह चौहान, पार्षद रेखा त्रिपाठी, शालिनी गुप्ता जी, एडवोकेट अनामिका शर्मा जी, रजनी भदौरिया जी, ब्रजकिशोर दीक्षित जी, मूलचंद्र रसेनिया जी, विक्की गोयल जी एवं नरेश सिंह तोमर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस समारोह में शिक्षा, समाजसेवा, प्रशासन, कला, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित कर उनके कार्यों को सराहा जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। कार्यक्रम के दौरान वक्ता महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्ष और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार साझा करेंगे, जिससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



### कांग्रेस कमेटी द्वारा हज यात्रियों का किया गया स्वागत

**ग्वालियर 13 अप्रैल।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान ने आज पवित्र हज यात्रा से लौटे हज यात्रियों के सम्मान में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सभी हज यात्रियों का फूल-मालाओं, गुलदस्तों एवं गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सौहार्द, भाईचारे और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। सुरेन्द्र यादव ने कहा कि हज केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि इंसानियत, समानता, प्रेम और भाईचारे का महान संदेश है। कांग्रेस पार्टी सदैव देश की गंगा-जमुनी तहजीब, सामाजिक सौहार्द और सर्वधर्म समभाव की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य करती रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने हज यात्रियों से देश, प्रदेश और शहर की खुशहाली, अमन-चैन तथा तरक्की के लिए दुआ करने का आग्रह किया।



### महारानी लक्ष्मीबाई मंडल ने किया वरिष्ठ जनों का सम्मान

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर के महारानी लक्ष्मीबाई मंडल के द्वारा आयोजित बस्ती चलो ग्राम चलो अभियान के तहत आज वार्ड 13 में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनों का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। महारानी लक्ष्मीबाई मंडल के अरविंद रुद्र पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, हरिनारायण शाक्य, सुरेंद्र कश्यप, दीपक सक्सेना, गोपाल भदोरिया, सुरेश चंद्र गुप्ता आदि वरिष्ठ नेतागण का फूलमाला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुण बाजपेई, वार्ड के पार्षद दिनेश सिकरवार, मंडल महामंत्री विजय भवानी, उपाध्यक्ष कुलदीप सिकरवार, प्रमोद साहू, मंत्री उदयराज तोमर, कार्यालय मंत्री सत्यम पाराशर, राधेश्याम शंखवार, वीरेंद्र कुशवाहा, प्रशांत शर्मा आदि उपस्तिथ रहे। भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ जन पार्टी की नींव के वह पत्थर हैं इसी नींव पर भव्य इमारत टिकी हुई है। आज भाजपा की प्रदेश से लेकर देश में सरकार इन्हीं नींव के पत्थर वरिष्ठ जनों की वजह से है। मंडल अध्यक्ष अरुण बाजपेई ने कहा कि हम मंडल के सभी कार्यकर्ता साथी पार्टी के वरिष्ठजन के मार्गदर्शन में काम कर रहे हे और सदैव इनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। पार्षद दिनेश सिकरवार ने कहा कि वार्ड के अंदर विकास कार्य पार्टी के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और समय समय पर विकास कार्यों का भूमिपूजन वरिष्ठ जनों के द्वारा कराएंगे।



### फिनलैंड के राजदूत ने सिंधिया कन्या विद्यालय का किया दौरा

**ग्वालियर।** सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर को फिनलैंड के एम्बेसडर किम्मो लाहेदेविर्ता के स्वागत का गौरव प्राप्त हुआ। उनके साथ उनकी पत्नी पिया काइकोनेन तथा लिरिस माटा भी उपस्थित थीं। राजदूत किम्मो लाहेदेविर्ता जून 2023 से नई दिल्ली, भारत में फिनलैंड के दूतावास का नेतृत्व कर रहे हैं। अपने वर्तमान पद से पहले, राजदूत लाहेदेविर्ता ने वियतनाम (2011-2015) और मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया तथा सर्बिया (2019-2023) में फिनलैंड के राजदूत के रूप में कार्य किया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय में अमेरिका और एशिया विभाग (2015-2019) के महानिदेशक के रूप में भी कार्य किया है, जहाँ उन्होंने इन क्षेत्रों के अन्य देशों के अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, भारत, जापान और ब्राजील जैसे देशों के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों का प्रबंधन किया। उनके विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या निशि मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भारती सूद भी मौजूद रहीं। यह दौरा वैश्विक जुड़ाव और सहयोग की भावना का प्रतीक रहा। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक स्वागत समारोह से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने एम्बेसडर किम्मो लाहेदेविर्ता को विद्यालय परिसर का विस्तृत भ्रमण कराया। इस दौरान उन्हें विद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, सेवा पहल 'संकल्प' तथा रोबोटिक्स लैब संकल्पना से अवगत कराया गया। एम्बेसडर को विद्यालय की सामाजिक पहल 'संकल्प' के बारे में भी बताया गया। इस पहल के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए जाते हैं। पूरे भ्रमण के दौरान उन्होंने विद्यालय में दी जा रही समग्र शिक्षा में विशेष रुचि दिखाई और छात्राओं से सार्थक बातचीत की। उनके ध्यानपूर्वक निरीक्षण और प्रेरणादायक विचारों की सभी ने सराहना की।

**आज मनेगी बाबा साहब की जयंती**

# 16 स्थानों पर किया माल्यार्पण, समता भोज हुए

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 अप्रैल.** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने दलितों, शोषितों, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। यह विचार आज ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पूर्व आज आयोजित कार्यक्रमों में आमजनों को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 स्थानों पर जहां बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है, वहां सभी स्थानों पर अलग-अलग समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वरिष्ठजन महिला एवं पुरूषों का सम्मान एवं समता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया, उसके पश्चात् 7100 वरिष्ठजन महिला-पुरूषों का पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल व वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया और सभी स्थानों पर समता भोज का भी आयोजन किया गया ,जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**विधायक डॉ. सिकरवार ने किया 7100 वरिष्ठजनों का सम्मान, वस्त्र एवं श्रीफल भेंट किए**





कार्यक्रमों में विधायक डॉ. सिकरवार ने आमजनों का संबोधित करते हुये कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त अस्पृश्यता, जातिवाद और असमानता के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई।

### अंबेडकर पार्क में एक लाख श्रद्धालुओं का भंडारा आज

डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क फूलबाग में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार आज 14 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर एक लाख श्रद्धालुओं के भण्डारा (प्रसादी) का आयोजन कर रहे है। आयोजन की तैयारिआं पूरी कर ली गई है। सुबह 9 बजे विधायक डॉ. सतीश सिकरवार बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे, जिसके बाद भण्डारा (प्रसादी) का आयोजन शुरू किया जायेगा, जो कि देर रात तक चलेगा।

### इन 16 स्थानों पर हुआ कार्यक्रम

आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्रमांक 18 में अम्बेडकर पार्क दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 19 में जडेरूआ पिन्टू पार्क, वार्ड क्रमांक 21 में कबीर आश्रम विवेक नगर आसमानी माता मंदिर के सामने मेला के पास, वार्ड क्रमांक 22 में सुजाता बुद्ध विहार मरघट के सामने सुरेश नगर के पास थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 23 में सरकारी मल्टी सुरेश नगर थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 23 में चमडा कारखाना कबीर कॉलोनी के पास मुरार, वार्ड क्रमांक 23 में सखवार धर्मशाला गल्ला कोठार थाठीपुर, अजाक्स कार्यालय में थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 24 में डूडी की बगिया बुद्ध विहार सुरेश नगर, थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 28 में आनन्द नगर बजरिया थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 26 में तिकोनिया बगिया मुरार, वार्ड क्रमांक 60 में अम्बेडकर पार्क हुरावली, वार्ड क्रमांक 56 में सखी बाबा आश्रम देवनगर नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड क्रमांक 57 में अम्बेडकर भवन बीजासेन मौहल्ला नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड क्रमांक 58 में पी.एम.एस हॉस्टल हरिशंकरपुरम, अजाक्स कार्यालय में रेसकोर्स रोड आयोजित कार्यक्रमों में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, वरिष्ठजनों का सम्मान एवं समता भोज का आयोजन किया गया।

## 101 दीप जलाकर अम्बेडकर को स्मरण किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर फूलबाग़ स्थित अंबेडकर पार्क मे बाबा साहब अम्बेडकर के प्रतिमा स्थल पर शाम को 101 दीपक जलाये.

**आज होगी पुष्पांजलि**



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरिया के साथ भिंड से सांसद संध्या राय, मोर्चे के जिलाध्यक्ष संतोष गोडयाले ने दीप प्रज्वलन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि समर्पित की एवं उनके द्वारा दिये इस भारत के संविधान को याद किया जिसने जातिगत भेदभाव से परे जन उत्थान पर न सिर्फ विचार किया बल्की सभी को जीने के समान अधिकार दिये.

इस अवसर पर सांसद और लोकसभा स्पीकर पेनलिस्ट संध्या राय ने कहा की देश मे भाजपा ही एक पार्टी है जो सर्वहिताय का भाव रखती है

इसी क्रम मे जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने कहा कि बाबा साहब ने समूचे भारत को इस जलते दीप के समान नई रौशनी दी है. कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर फूल बाग अंबेडकर पार्क पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 101 दीप जलाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिले के महामंत्री जवाहर प्रजापति ,धर्मेंद्र तोमर, राजू पलैया, कनवर मंगलानी, दीपक शर्मा, गब्बर जाटव, सुनील नागले, दिनेश पारचे, राजा खटीक,कृष्णा कुशवाह, रंजीत नरवारे, संजय राजे, राकेश नरवरिया, नरेंद्र पुजारी,तरुण पवैया,अभय आर्य, गौरव बाजपेई, सहित अनुसूचित जाति मोर्चे के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ निशिकांत मोघे ने दी।

## कांग्रेस भी नमन करेगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रातः 9 बजे फूलबाग स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। सुरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रातः 9 बजे सभी कांग्रेसजन सीधे अंबेडकर पार्क पहुंचेंगे जहां पर बाबा साहेब को माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी, कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर, महिला कांग्रेस, सेवादल, यूवा कांग्रेस, एनएसयूआई, विभाग प्रकोष्ठ, पार्षद सहित समस्त कांग्रेसजन सम्मिलित रहेंगे।

**विवेकानंद मंडल ने अंबेडकर प्रतिमा पर चलाया स्वच्छता अभियान, किया दीपदान :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'बस्ती चलो अभियान' के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद मंडल के वार्ड 52 स्थित बौद्ध नगर पार्क में स्थित अंबेडकर प्रतिमा की धुलाई कर माल्यार्पण कर दीपदान किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री जवाहर प्रजापति ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से सदैव प्रेरणा मिलती है, हमें उन्हीं के मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करनी चाहिए। मंडल अध्यक्ष अमर कुटे ने बस्ती चलो अभियान में होने वाले अन्य कार्यक्रम की जानकारी दी।

## ग्वालियर-भिंड ट्रेन में चला टिकट चैकिंग अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** रेल प्रबंधक झाँसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम के लिए आज ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर ट्रेनों में बिना टिकट, अनियमित रूप से यात्रा करने वाले, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले यात्रियों की धरपकड़ में वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। दिन भर चले इस जांच अभियान में कुल 45 यात्रियों से 14 हजार से अधिक रेल राजस्व वसूल किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर के वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना, मुख्य टिकट निरीक्षक अनिल कुमार सिकरवार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक अजेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ वाणिज्य सह टिकट क्लर्क उमाकांत उपाध्याय तथा शिवेंद्र कुमार यादव द्वारा विशेष भूमिका निभाई गई।

## बुद्ध विहार में गूंजेगा बाबा साहब का संदेश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** आधुनिक भारत के निर्माता और संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्वालियर के इन्टरनैशनल बुद्ध विहार में भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महलगाँव क्षेत्र में स्थित यह केंद्र, जिसे प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में निर्माणाधीन किया जा रहा है, कल 14 अप्रैल को वैचारिक क्रांति और सांस्कृतिक गौरव का साक्षी बनेगा। कल 14 अप्रैल को सुबह से ही जिले भर के अनुयायियों और गणमान्य नागरिकों का बुद्ध विहार पहुंचना शुरू हो जाएगा, जहाँ वे बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और शिक्षा के इस बढ़ते प्रकल्प का अवलोकन करेंगे।



कल होने वाले कार्यक्रम के लिए परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। इस अवसर पर वैचारिक गोष्ठी में बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे पर विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में धम्म गीतों और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से नई पीढ़ी को महापुरुषों के संघर्षों से परिचित कराया जाएगा। पुष्पांजलि एवं संकल्प कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

## अजाक्स जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** म.प्र.अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय प्रवक्ता नत्थू सिंह अहिरवार ने बताया कि महात्मा ज्योतिबाराव फूले की जयंती के अवसर पर अजाक्स की प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।




बैठक की अध्यक्षता चौ.मुकेश मौर्य प्रांताध्यक्ष अजाक्स एवं विशेष गढ़पाले ने की,बैठक में गोवर्धन लाल गुवाहटिया प्रांतीय महासचिव अजाक्स मध्य प्रदेश के नेतृत्व में प्रमुखता से उज्जैन संभाग के समस्त जिलाध्यक्षगण अपनी कार्यकारिणी के साथ उपस्थित हुए। बैठक में चौ.मुकेश मौर्य प्रांताध्यक्ष अजाक्स एवं विशेष गढ़पाले वरिष्ठ व कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष अजाक्स मध्य प्रदेश, गोवर्धन लाल गुवाहटिया प्रांतीय महासचिव, श्यामलाल डोहरिया मुख्य स्टेट समन्वयक ने स्वागत स्वागत भाषण देते हुये कहा कि संगठन में नये नेतृत्व से अधिकारी एवं कर्मचारियों में ऊर्जा का संचार हुआ है तथा संगठन के प्रति नया विश्वास कायम हुआ है।

सभी अजाक्स जिलाध्यक्षों ने डॉ.अंबेडकर जयंती अपने-अपने जिलो में धूम धाम से मनाने तथा प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रांताध्यक्ष चौ.मुकेश मौर्य ने सबसे पहले सामान्य प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त किया कि जिन्होंने संगठन का वास्तविक प्रांताध्यक्ष कौन है अजाक्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समक्ष विधिवत पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट की। कार्यकारिणी सदस्यों सहित विभिन्न जिलाध्यक्ष जिनमें सुधीर राजनेगी जिलाध्यक्ष सिवनी, एल.आर.अहिरवार जिलाध्यक्ष, विदिशा डॉ. विजय अरख जिलाध्यक्ष सतना, एस.बी. इनवाती जिलाध्यक्ष छिन्दवाड़ा, बजरंगलाल जाटव जिलाध्यक्ष श्योपुर, जगदीश टैगोर जिलाध्यक्ष मुरैना, राजेन्द्र सिंह धुर्वे जिलाध्यक्ष सागर, बलवीर सिंह परस्ते जिलाध्यक्ष कटनी, बद्रीलाल गुवाहटिया जिलाध्यक्ष शाजापुर, अम्बाराम बोस, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रतलाम,नंदलाल हरियाले जिलाध्यक्ष देवास आदि जिलाध्यक्ष उपस्थित थे।

### रिजल्ट आने से पहले बढ़ी शिक्षकों की धड़कनें

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** बोर्ड का रिजल्ट 20 अप्रैल के बाद आएगा। रिजल्ट से पहले ही शिक्षकों की धड़कनें बढ़ गई है। कारण यह है कि छात्रों के रिजल्ट के आधार पर शिक्षकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार होगा। यदि छात्रों के नंबर कम आए तो शिक्षकों पर गाज गिरना तय है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने छात्रों के नंबर कम आने पर शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं से पहले उनके ऊपर एसआईआर का लोड बढ़ गया था। ऐसे में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई थी। शिक्षक पढ़ाई छोड़कर एसआईआर की ड्यूटी में लगे हुए थे।

## निर्भय विशाल सामाजिक संस्था ने कराया विवाह आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** निर्भय विशाल सामाजिक संस्था ने सिमरन एवं कुलदीप के विवाह के उपलक्ष्य में हल्दी एवं मेंहदी समारोह का आयोजन आज सिटी सेंटर विंडसरहिल हिल्स के सामने किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर पूरे उत्साह और सहयोग के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार हल्दी एवं मेंहदी की रस्में हुईं तथा सभी उपस्थित लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रेखा परमार, उपाध्यक्ष कल्पना भदौरिया, महामंत्री नीतू तोमर, कोषाध्यक्ष कुसुम सोलंकी, संयुक्त सचिव नीरजा सोनकिया, सदस्य बबीता सेंगर, संभागीय अध्यक्ष सीमा समाधिया, अनीता रिछारिया आदि मौजूद रहीं।

### रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में आग, बड़ा हादसा टला

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** सिथौली स्थित रेलवे स्प्रिंग फैक्ट्री में रखे कोयले में अचानक आग लग गई। रात के समय फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने इसकी सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी, साथ ही फायर उपकरण एवं पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। चूंकि आग कोयले के ढेर में लगी थी, इसके कारण फैक्ट्री कर्मचारियों ने तकरीबन 10 से 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### सनातन धर्म मंदिर में मनाई वरुथिनी एकादशी

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष विजय गोयल एवं प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल, लल्ला कोषाध्यक्ष राकेश बंसल, धर्म मंत्री रविंद्र सिंघल चौबे ने बताया वरुथिनी एकादशी के अवसर पर भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराज धरण का आकर्षक श्रंगार किया गया। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने भगवान चक्रधर को सुनहरी किनारी की गुलाबी पगड़ी, मोरपंख, मकराकृत कुण्डल, मोतियों से जड़ा कण्ठा, मोतियों का हार, कमल, सेवंती पुष्प, गेंदा की पुष्पमाला, श्वेत धवल पोशाक धारण कराकर मनमोहक श्रृंगार किया । भक्तों को एकादशी व्रत की कथा सुनाई। भगवान को राधा रसोई में निर्मित फलाहारी भोग अर्पित किया गया। भक्तों ने श्रद्धा अनुसार दान पुण्य कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। महिला भक्त मंडल ने भजन कीर्तन किए।

## कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** ऑल इंडिया कायस्थ महासभा की एक बैठक न्यू दर्पण कालोनी स्थित अशोक सक्सेना के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। बैठक के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कायस्थ महासभा के संभागीय संरक्षक राजेंद्र सक्सेना एवं बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया कायस्थ महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने की।

बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें से एक बिंदु पर सबकी सहमति से तत्काल प्रभाव से निर्णय लिया गया। कुछ बिंदुओं पर निर्णय अगली मीटिंग में लिया जाएगा। इसके साथ ही 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव चित्रगुप्त मंदिर कटी घाटी पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अशोक सक्सेना ने ऑल इंडिया कायस्थ महासभा को सशक्त बनने पर अपने विचार दिए एवं समाज को संगठित करने पर जोर दिया। ऑल इंडिया कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय जौहरी किन्हीं कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर राजेंद्र सक्सेना, देवेंद्र श्रीवास्तव, विनय सक्सेना, संभागीय अध्यक्ष शिवानंद सक्सेना, जिला अध्यक्ष योगेश भटनागर, अनूप श्रीवास्तव, सुरेंद्र सक्सेना, विवेक श्रीवास्तव, मनोज सक्सेना, अमित सक्सेना आदि सभी कायस्थ बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखे। अंत में सुरेंद्र सक्सेना ने सभी कायस्थ बंधुओं का आभार व्यक्त किया।